सं. अ. 5-1/2022- ईई.1

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

नई दिल्ली, 22 नवंबर, 2022

## कार्यालय ज्ञापन

**विषयः अक्टूबर, 2022 माह का कैबिनेट के लिए मासिक सार - के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को अक्टूबर 2022 के लिए स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की महत्वपूर्ण गतिविधियों से संबंधित मासिक सार की एक प्रति कैबिनेट के लिए परिचालित करने का निर्देश हुआ

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

राजेश सैम्पले

(राजेश सैम्पले)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं: 011-23384589

सेवा में

1. सभी मंत्रिपरिषद
2. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग के सचिव।
3. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन , नई दिल्ली।
4. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली।

जानकारी के लिए कॉपी:

- माननीय शिक्षा मंत्री के निजी सचिव
- राज्य मंत्री के निजी सचिव, शिक्षा मंत्रालय
- सचिव (एसईएंडएल) के पीपीएस

राजेश सैम्पले

(राजेश सैम्पले)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं: 011-23384589

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**मंत्रिमंडल हेतु अक्टूबर, 2022 माह का मासिक सार**

अक्टूबर, 2022 माह के दौरान महत्वपूर्ण विकास और गतिविधियां

**I.** वित्तीय उपलब्धियां/जारी की गई:

31 अक्टूबर, 2022 तक बजट अनुमान का 48.54% जारी किया गया।

**II.** महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और गतिविधियां/पहल :

क. नीति संबंधी विचार-विमर्श/बैठकें:

महत्वपूर्ण मुद्दे/विकास

| क्र.सं | विषय | संक्षेप |
|---|---|---|
| 1 | फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी | • सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के शिक्षा सचिवों को 28 अक्टूबर 2022 को एक अ.शा. पत्र जारी किया गया था, जो एफएलएस पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला 4 नवंबर 2022 को नई दिल्ली में आयोजित किए जाने से संबंधित थी ताकि एफएलएस के परिणामों को साझा किया जा सके और बुनियादी अधिगम के स्तर में सुधार हेतु कार्यों की योजना बनाई जा सके। |
| 2 | न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी) | न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी) के तहत एनआईएलपी ऑनलाइन मोबाइल सर्वे ऐप की शुरुआत के संबंध में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संयुक्त सचिव (प्रौढ़ शिक्षा) की अध्यक्षता में 13 अक्टूबर, 2022 को सुबह 11:00 बजे एक वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक आयोजित की गई थी। |
| 3 | स्टार्स | • निविदा मूल्यांकन समिति (टीईसी) और केपीएमजी सलाहकार सेवा प्राइवेट लिमिटेड के साथ पीएमयू को हायर करने के लिए 27 अक्टूबर, 2022 को एक बैठक आयोजित की गई थी। |

| क्र.सं | विषय | संक्षेप |
|---|---|---|
| 4 | पीएम श्री | 14 अक्टूबर 2022 को दिल्ली में पीएम श्री (पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) और निपुण भारत (नेशनल इनिशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरसी) पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। |
| 5 | राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा | श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय शिक्षा मंत्री, ने 20 अक्टूबर, 2022 को मूलभूत चरण के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा का शुभारंभ किया |
| 6 | पीएम पोषण योजना के लिए खाना पकाने की लागत में संशोधन | इस विभाग के दिनांक 07.10.2022 के आदेश द्वारा पीएम पोषण योजना के लिए खाना पकाने की लागत को संशोधित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बाल वाटिका, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए सामग्री लागत की संशोधित दरें दिनांक 01.10.2022 से स्वीकार्य हैं। |

ख. स्वायत्त निकाय गतिविधियाँ:

| संगठन | कार्यकलाप |
|---|---|
| केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) | ○ **अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के तहत केंद्रीय विद्यालयों के लिए कनेक्टेड क्लासरूम सॉल्यूशंस का उपयोग करते हुए व्यक्तिगत शिक्षण कार्यक्रम।**<br>सभी 277 कक्षाओं में डिलीवरी, इंस्टालेशन और कमीशनिंग का काम पूरा हो गया है। मैसर्स एडसिल इंडिया लिमिटेड को तीसरी और अंतिम किस्त (प्रशिक्षण लागत को छोड़कर) जारी कर दी गई है।<br>213 केवी में ई-लर्निंग सॉल्यूशन के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। शेष 52 केवी में प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए मैसर्स एडसिल इंडिया लिमिटेड को एक पत्र जारी किया गया है।<br>○ **प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के तहत अल्पसंख्यक केंद्रित क्षेत्रों में स्थित 238 केंद्रीय विद्यालयों में भारतीय टेलीफोन उद्योग (आईटीआई) के माध्यम से 2310 ई-लर्निंग समाधान का कार्यान्वयन** |

| संगठन | कार्यकलाप |
|---|---|
| | आईटीआई लिमिटेड को 238 केंद्रीय विद्यालयों में 2310 संख्या में ई-लर्निंग समाधान के लिए कार्य आदेश जारी किया गया है।<br><br>• **विद्यांजलि पोर्टल**<br>विद्यांजलि पोर्टल पर कुल 1244 केंद्रीय विद्यालय हैं। समुदाय और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से स्कूलों को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी विद्यालय कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।<br><br>• **आज़ादी का अमृत महोत्सव**<br>अक्टूबर 2022 माह के लिए, देश भर के केंद्रीय विद्यालयों में एकेएएम पर निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:<br>4,06,097 छात्रों ने 'भारत की स्वतंत्रता का संरक्षण और पोषण कैसे करें' विषय पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया, सरदार वल्लभभाई पटेल का चित्र/प्रतिमा और आईएनए स्थापना दिवस से संबंधित गतिविधियों पर चित्र बनाए और भारत के स्वतन्त्रता दिवस के 75वें वर्ष को मनाने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस पर छात्रों ने सरदार वल्लभभाई पटेल पर वीडियो का प्रदर्शन किया।<br>• **राष्ट्रीय एकता दिवस**<br>केविएस ने सोशल मीडिया हैंडल और वेबसाइटों पर इस कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाकर हमारे देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाने के लिए 31 अक्टूबर, 2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया।<br>• **एनईपी**-2020<br>मंत्रालय द्वारा केविएस को दिए गए विभिन्न कार्यों के संबंध में 31 अक्टूबर, 2022 तक इस मामले में हुई प्रगति का विवरण निम्नलिखित है:<br>○ **टास्क सं. 32 (एनईपी पैरा 2.2)** – कक्षा I और II के लिए संकल्पना-वार मॉड्यूल की समीक्षा की गई है और इसे एफएलएन ब्लॉग पर अपलोड किया गया है। कक्षा III के लिए माड्यूल तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।<br>○ **टास्क सं. 149 (एनईपी पैरा 5.8 - 5.14)** – एनआईईपीए के विशेषज्ञों की सहायता से शिक्षकों और स्कूल नेतृत्वकर्ता के लिए स्कूलों में अधिगम का |

| संगठन | कार्यकलाप |
|---|---|
| | अनुकूल माहौल बनाने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिए मॉड्यूल विकसित किए गए हैं। इन मॉड्यूल का उपयोग केंद्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के आंतरिक प्रशिक्षण के दौरान किया जा रहा है। केविएस ने शिक्षकों की क्षमता निर्माण के कुछ सामान्य विषयों में प्रमुख प्रशिक्षक के लिए कार्यशाला आयोजित करने के लिए सीबीएसई से भी अनुरोध किया है।<br>○ **टास्क सं. 153 (एनईपी पैरा 5.15 – 5.16 और 5.17 – 5.19)** – केविएस की अपनी प्रशिक्षण नीति है। एनईपी-2020 की सिफारिशों के साथ इसे संरेखित करने के लिए मौजूदा केविएस प्रशिक्षण नीति की समीक्षा करने के लिए एनसीईआरटी के सदस्य सहित एक समिति का गठन किया गया है। शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों को प्रशिक्षण देने के लिए स्कूलों में अधिगम का अनुकूल माहौल बनाने के लिए मॉड्यूल तैयार कर लिया गया है और समय आने पर इसे प्रकाशित कर दिया जाएगा। ज़ेडआईईटी की केविएस सलाहकार समिति पिछले शैक्षणिक सत्रों में आयोजित की गयी गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करने और अगले सत्र (सत्रों) में सुधार के उपाय सुझाने के लिए प्रतिवर्ष मिलती है।<br>○ **टास्क सं. 85 (एनईपी पैरा 4.1 – 4.8)** – केविएस एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित होते ही एनसीएफएसई के अनुसार सिफारिशों के अनुरूप कार्य योजना तैयार करेगा। हालांकि, केविएस ने अधिगम के अनुकूल माहौल बनाने और शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास के लिए मॉड्यूल भी तैयार किए हैं। इनका उपयोग शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों के प्रशिक्षण के ऑनलाइन/ऑफलाइन मोड के दौरान किया जा रहा है।<br>○ **टास्क सं. 144 (5.2 – 5.7)** – केविएस वार्षिक स्थानांतरण के लिए नए स्थानांतरण सॉफ्टवेयर का विकास प्रक्रियाधीन है।<br>○ **टास्क सं. 178 (एनईपी पैरा 6-7 – 6-9)** – आकांक्षी जिलों में स्थित केवि में प्री-स्कूल अनुभाग को जोड़ने के लिए मुद्दों पर विचार किया जाना चाहिए:<br>▪ प्रवेश आयु पर पुनः कार्य किया जाना है।<br>▪ स्कूल-एकल बनाम बहुल-अनुभागों की पहचान।<br>▪ मौजूदा केवी में अवसंरचना को अद्यतन करना।<br>▪ प्रशिक्षित प्री-स्कूल शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति।<br>▪ बजट संबंधी आवश्यकताएँ। |

| संगठन | कार्यकलाप |
|---|---|
| | **टास्क सं. 231 (एनईपी पैरा 16.1 – 16.8)** – व्यावसायीकरण के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और बच्चों की स्कूली अवधि के दौरान कौशल विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को कक्षा-VIII में सभी 1205 केवी में एक व्यावसायिक विषय के रूप में शामिल किया गया। |
| नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) | **क. <u>अकादमिक उपलब्धियां :</u>**<br>• राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शिनी : एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रस्तुति में भाग लेने के लिए एनवीएस के 04 छात्रों को चुना गया है।<br>**ख. <u>राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 क्रियान्वयन:</u>**<br>• पीएम श्री स्कूलों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर: पीएम श्री स्कूलों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर एनवीएस और शिक्षा मंत्रालय द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं।<br>**ग. <u>आज़ादी का अमृत महोत्सव :</u>**<br>• युवा संसद की विशेष बैठकें: जेएनवि गुरुग्राम (हरियाणा) ने **12** अक्टूबर, **2022** को संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यक्रम के तहत आजादी का अमृत महोत्सव के विषय पर युवा संसद की विशेष बैठकें आयोजित की हैं।<br>**घ. <u>अन्य कार्यकलाप, कार्यक्रम और उपलब्धियां</u> :**<br>• सूचना/साइबर सुरक्षा और बचाव पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं: **626** जेएनवी ने सूचना/साइबर सुरक्षा और बचाव कार्यक्रम पर कला और नारा प्रतियोगिता में भाग लिया है जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के तहत सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता (आईएसईए) द्वारा आयोजित किया गया है।<br>• जेएनवी में गांधी जयंती: सभी जेएनवि में 02 अक्टूबर, 2022 को स्वच्छता निरीक्षण दिवस आयोजित करके और जेएनवि परिसरों को कचरा मुक्त बनाकर गांधी जयंती मनाई गई। |

| संगठन | कार्यकलाप |
| --- | --- |
| | • राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन : सभी **649** जेएनवि में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर **31** अक्टूबर, **2022** को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया और **542** जवाहर नवोदय विद्यालयों में वाद-संवाद, भाषण और प्रदर्शनी आदि कार्यकलापों के साथ एकता दौड़ आयोजित किया गया।<br><br>• भर्ती और प्रोन्नति :<br>o एनवीएस की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 22 अक्टूबर, 2022 को सहायक आयुक्त की 04 रिक्तियों, सहायक आयुक्त (प्रशासन) की 02 रिक्तियां, सहायक अनुभाग अधिकारी की 10 रिक्तियों, लेखापरीक्षा सहायक की 09 रिक्तियां, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) की 01 रिक्तियों, मल्टी-टास्किंग स्टाफ की 21 रिक्तियां, महिला स्टाफ नर्स की 82 रिक्तियां, कनिष्ठ सचिवालय सहायक (एलडीसी) की 152 रिक्तियों और कैटरिंग सहायक की 87 रिक्तियों को सीधी भर्ती अभियान 2021-22 के तहत भरने के लिए चयन सूची जारी की गई हैं। संबंधित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव भी जारी किए जा रहे हैं। |
| ।<br><br>राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआर टी) | • प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के तहत वयस्क शिक्षार्थियों के लिए, 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर, 2022 तक गुजरात के आईआईटी गांधी नगर में गुजरात, दादरा नगर हवेली, दमन और दीव, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और चंडीगढ़ की क्षेत्रीय भाषाओं में संसाधन / प्रचार सामग्री के विकास के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई।<br>• स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को मजबूत करने के लिए, जिसमें व्यावसायिक शिक्षा की सामाजिक छवि में सुधार, पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा 6 से 8), एनएसक्यूएफ के तहत कक्षा 9 से 12 तक व्यावसायिक शिक्षा, मौज-मस्ती पर आधारित गतिविधियाँ, बस्ता रहित दिन की गतिविधियाँ, छात्र समर्थन प्रणाली मार्गदर्शन और परामर्श, स्थानीय विशेषज्ञों/कारीगरों के साथ इंटर्नशिप, आदि शामिल हैं, एनईपी 2020 की थीम के आधार पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली राज्यों के लिए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को मजबूत करने के लिए एनईपी 2020 पर प्रमुख पदाधिकारियों के अभिविन्यास कार्यक्रम के तहत, 10 से 12 अक्टूबर 2022 तक पीएसएससीआईवीई, भोपाल में एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। |

| संगठन | कार्यकलाप |
|---|---|
| शिक्षक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद (एनसीटीई) | • नवोन्मेषी पाठ्यक्रम/प्रस्ताव के लिए संशोधित दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए गठित समिति की पहली बैठक 1 अक्टूबर, 2022 को में प्रो. एम सी शर्मा की अध्यक्षता में एनसीटीई-मुख्यालय हुई। समिति ने तीन प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला:<br>  ○ उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान जिन पर नवोन्मेषी शिक्षा कार्यक्रम के लिए विचार किया जा सकता है<br>  ○ एनसीटीई से मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र को कैसे संसाधित करें<br>  ○ अनुरोध को संसाधित करने के लिए आवश्यक आवेदन का प्रारूप।<br>• दिनांक 11.10.2022 को राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (मान्यता मानदंड और प्रक्रिया) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2022 भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है।<br>• सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन को मनाने के लिए 31.10.22 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाया गया। एनसीटीई के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता के लिए काम करने का संकल्प लिया। |
| केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) | • **सत्र 2022-23 के लिए प्रशिक्षण थीम के रूप में "बहुभाषावाद" की घोषणा।**<br>एनईपी 2020 की सिफारिश के मद्देनजर, सीबीएसई ने सत्र 2022-23 के लिए प्रशिक्षण विषय के रूप में 'बहुभाषावाद' की घोषणा की है। बोर्ड बहुभाषावाद पर जागरूकता वेबिनार आयोजित करेगा और स्कूलों को विभिन्न भाषाओं में कहानियों का अनुवाद करने और बहु भाषाओं की मदद से पॉडकास्ट या वीडियो बनाने के लिए निर्देशित किया जाएगा। सीबीएसई से संबद्ध सभी प्रधानाध्यापकों / शिक्षकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बहुमूल्य सुझाव, संसाधन और आयोजित गतिविधियों का विवरण उन्हें प्रदान किए गए लिंक के माध्यम से प्रस्तुत करें।<br>• **'हर घर एकेएएम स्मारिका और टिकट' समारोह के तहत स्टाम्प डिजाइन प्रतियोगिता।**<br>डाक विभाग आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के पांच उप-विषयों (स्वतंत्रता |

| संगठन | कार्यकलाप |
|---|---|
| | संघर्ष, विचार @ 75, संकल्प @ 75, अधिनियम @ 75, और उपलब्धि @ 75) के तहत राष्ट्रीय स्तर पर हर घर एकेएएम स्मारिका और टिकट समारोह के एक अंग के रूप में 'स्टाम्प डिजाइन प्रतियोगिता' का आयोजन कर रहा है। सीबीएसई ने यह जानकारी अपने स्कूलों में आठवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए साझा की है।<br><br>• **राष्ट्रीय एकता दिवस (राष्ट्रीय एकता दिवस) पर 'एकता दौड़'।**<br>• सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस (नेशनल यूनिटी डे) मनाया जाता है। स्कूलों को इस अवसर को बड़े उत्साह के साथ मनाने और 'एकता दौड़' आयोजित करने के निर्देश दिए गए।<br><br>• **परीक्षा:**<br>  ○ **बोर्ड की गतिविधियों से संबंधित सभी स्कूलों में निम्नलिखित परिपत्र प्रसारित किए गए:**<br>    ▪ सत्र 2022-23 के लिए शीतकालीन बाउंड स्कूलों के लिए कक्षा X और XII के लिए प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना मूल्यांकन/आंतरिक मूल्यांकन का आयोजन, 21.10.22 को जारी किया गया।<br>    ▪ राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने वाले छात्रों के लिए 22.10.22 को विशेष प्रावधान जारी किए गए थे।<br><br>• **व्यावसायिक परीक्षा यूनिट:**<br>**सीटीईटी**: सीटीईटी दिसंबर-2022 परीक्षा के लिए दिनांक 20.10.2022 को सार्वजनिक सूचना जारी की गई थी।<br><br>• **संबद्धता:**<br>  ○ सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और खेल सुविधाओं के लिए न्यूनतम बुनियादी ढांचे की आवश्यकता के बारे में इसके उपनियमों के अनुरूप दिशा-निर्देश **दिनांक 04.10.2022 के परिपत्र संख्या 11 को** जारी किया गया था। |

| संगठन | कार्यकलाप |
|---|---|
| | ○ सीबीएसई के साथ संबद्धता की विभिन्न श्रेणियों के तहत आवेदन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सुझाए गए प्रारूपों के संबंध में स्कूलों को **दिनांक** 14.10.2022 के **परिपत्र संख्या** 12 को जारी किया गया था।<br>○ स्कूलों को एक **13 दिनांक 14.10.2022 के परिपत्र संख्या** जारी किया जाता है, जिसमें संबद्धता की विभिन्न श्रेणियों के तहत संबद्धता के लिए ऑनलाइन आवेदन की विंडो खोलने की तारीखों की सूचना दी जाती है। |
| राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) | • तेजस्विनी परियोजना के तहत शैक्षणिक प्रशिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>झारखंड राज्य में किशोरियों और युवा महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए झारखंड महिला विकास सोसायटी (जेडब्ल्यूडब्ल्यूडीएस) द्वारा 'तेजस्विनी परियोजना' लागू की जा रही है। परियोजना विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित है। इस परियोजना का उद्देश्य बाजार संचालित कौशल, प्रशिक्षण और माध्यमिक शिक्षा की प्रतिस्पर्धा तक पहुंच में सुधार करना है।<br>मान्यता प्राप्त संस्थान<br>मान्यता प्रदान करने के लिए 2 नए संस्थानों/स्कूलों (सीबीएसई) को प्रत्यायन पत्र जारी किए गए।<br>• पीएम ई-विद्या डीटीएच चैनल पर टीवी और वीडियो उत्पादन और प्रसारण:<br>○ 1 घंटे की अवधि के 53 पीसीपी प्रत्येक का सीधा प्रसारण किया गया।<br>○ 25 वीडियो कार्यक्रम भी तैयार किए गए।<br>○ 01 वीडियो स्क्रिप्ट तैयार की गई थी। |

ग. ई-शासन के कार्यान्वयन की स्थिति

इस विभाग में ई-ऑफिस पूरी तरह से क्रियान्वित है। सूचना, संचार और लेन देन का आदान-प्रदान ई-ऑफिस/ई-मेल के माध्यम से किया जाता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य सरकारों/अन्य मंत्रालयों/स्वायत्त संगठनों के साथ बैठकें आयोजित की जाती हैं।